No. of Printed Pages : 7 **DECE-3**

# DIPLOMA IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION

## Term-End Examination

## December, 2011

01759

## DECE-3 : SERVICES AND PROGRAMMES FOR CHILDREN

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Answer **any five** questions.*

1. You are an ECCE (Early childhood care and education) professional and you plan to set up a preschool. You have read the ideas of various educational thinkers on teaching during early years. Identify any four thinkers and describe which ideas of these thinkers will you adopt when setting up your own preschool. Also explain why you selected these thinkers and their ideas. **4x5=20**

2. (a) You have a child with mild mental retardation in your group of four year old children where you teach in a preschool. Describe five different adaptations that you will make in your teaching methodology and activities to accommodate the learning needs of the child with respect to each modification or adaptation, state what will it be and why you will make the modification/adaptation. **5x3=15**

   (b) Describe the symptoms of a child with cerebral palsy. **5**

3. (a) State one message that you would like to communicate to the parents of young children in your community. What factors did you keep in mind while formulating the message ? 1+2=3

(b) Describe the (i) strategy and (ii) method of communication that you will use to impact the message. 4+4=8

(c) Give the justification / rationale for your choice of strategy and method. 2+2=4

(d) Describe any five barriers in the communication process. 5

4. (a) What is the objective of the Mobile Creches programme ? 2

(b) Describe five unique features of this programme. 10

(c) Give four reasons as to why we need to provide child care services in our country. 8

5. (a) State five different ways in which visual impairment affects the child's learning and activity. 5

(b) With respect to each of the above effects state what can the caregiver do to lessen the impact of the impairment on child's learning and activity. Give examples to clarify your answer. 10

(c) What advice will you give to parent of a 6 year old who wets her bed in sleep ? 5

6. Write on *any four* in about **300** words each : **4x5=20**

   (a) Story telling as a method of communication

   (b) Weaknesses of the ICDS programme

   (c) Definition and types of hearning impairment

   (d) Any two organizations working for children

   (e) Dealing with children's fears and phoias

   (f) Causes of Behaviour difficulties.

7. (a) You have to select a supervisor for your early childhood care and education centre. What are the characteristics qualities and skills you will look for in the person ? **10**

   (b) State five ways through which you will ensure that the child with hearing impairment is able to benefit from the activities you carry out with group of children. **10**

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा में डिप्लोमा

## सत्रांत परीक्षा

## दिसंबर, 2011

## डी.ई.सी.ई.-3 : बच्चों के लिए सेवाएँ एवं कार्यक्रम

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***किन्हीं पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. आप एक ई सी सी ई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा) व्यावसायिक हैं और आपकी शालापूर्व स्कूल खोलने की योजना है। आपने प्रारंभिक बाल्यावस्था वर्षों में विभिन्न शिक्षा-विदों के पढ़ाने संबंधी विचारों को पढ़ा है। किन्हीं ऐसे चार शिक्षाविदों के नाम बताइए जिनके विचारों को आप शालापूर्व केन्द्र स्थापित करते समय अपनाएंगे। यह भी बताइए की आपने इन शिक्षाविदों और इनके विचारों को क्यों चुना ? **4x5=20**

2. (a) जिस शालापूर्व केन्द्र में आप पढ़ाते हैं उसके चार वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के समूह में एक अल्प मानसिक मंदता वाला बच्चा है। बच्चे की सीखने की ज़रूरत के अनुकूल आप अपनी शिक्षण-विधि और गतिविधियों में जो पाँच विभिन्न रूपांतरण करेंगे, वे बताइए। प्रत्येक रूपांतरण/परिवर्तन के संदर्भ में बताइए कि आप क्या परिवर्तन/रूपांतरण करेंगे और आप ऐसा क्यों करेंगे ? **5x3=15**

   (b) प्रमस्तिष्क घात वाले बच्चे के लक्षणों का वर्णन कीजिए। **5**

3. (a) अपने समुदाय में छोटे बच्चों के माता-पिता को आप जो एक संदेश देना चाहेंगे वह बताइए। संदेश को बनाते समय आपने किन-किन कारकों को ध्यान में रखा? **1+2=3**

(b) संदेश को प्रभावशाली बनाने के लिए आप जिस (i) कार्यनीति और (ii) संप्रेषण विधि का प्रयोग करेंगे उनका वर्णन कीजिए। **4+4=8**

(c) कार्यनीति और विधि को चुनने का औचित्य/तर्काधार बताइए। **2+2=4**

(d) संप्रेषण प्रक्रिया की किन्हीं पाँच बाधाओं का वर्णन कीजिए। **5**

4. (a) मोबाईल क्रैच कार्यक्रमों का उद्देश्य क्या है? **2**

(b) इस कार्यक्रम की पाँच अद्वितीय विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **10**

(c) हमारे देश में बाल देखभाल सेवाएँ प्रदान करने की जरुरत क्यों है, इसके चार कारण बताइए। **8**

5. (a) दृष्टि दोष किस प्रकार बच्चे की सीखने की प्रक्रिया और गतिविधि को प्रभावित कर सकता है - इसके पाँच अलग-अलग तरीके बताइए। **5**

(b) ऊपर वर्णित प्रत्येक प्रभाव के संदर्भ में यह बताइए कि किस प्रकार देखभाल कर्ता बच्चे के सीखने और गतिविधि पर दृष्टि दोष के प्रभाव को कम कर सकता है। अपने उत्तर को उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। **10**

(c) रात को बिस्तर गीला करने वाले छह वर्षीय बच्चे के माता-पिता को आप इस संबंध में क्या सलाह देंगे ? **5**

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** पर (प्रत्येक पर लगभग ***300*** शब्दों में) लिखिए : **4x5=20**

(a) संप्रेषण की विधि के रूप में कहानी सुनाना

(b) अई सी डी एस कार्यक्रम की कमजोरियाँ

(c) श्रवण दोष की परिभाषा और प्रकार

(d) बच्चों के लिए कार्य कर रहे कोई दो संगठन

(e) बच्चे के भय और दुर्भीति से निपटना

(f) व्यवहार संबधी समस्याओं के कारण

7. (a) आपको अपने बाल देखभाल और शिक्षा केन्द्र के लिए एक पर्यवेक्षक का चयन करना है। इसके लिए व्यक्ति में आप किस विशेषताओं, गुणों और कौशलों को देखेंगे ? **10**

(b) वे पाँच तरीके बताइए जिनके माध्यम से आप यह सुनिश्चित करेंगे कि श्रवण दोष वाला बच्चा बच्चे के समूह के साथ आयोजित की जाने वाली गतिविधियों से लाभान्वित होगा। **10**